# राजभाषा हिन्दी
# सहायक लघु पुस्तिका

ENERGY IS LIFE
BEE
CONSERVE IT

बचत के सितारे
MORE STARS MORE SAVING
ENERGY SAVINGS GUIDE

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो,
## विद्युत मंत्रालय,
### भारत सरकार

| क्रम सं. | विषय सूची | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | राजभाषा हिन्दी संबंधी संक्षिप्त जानकारी | 1-3 |
| 2 | प्रशासनिक शब्दावली | 4-8 |
| 3 | फाइलों में अधिकांशत: प्रयोग की जाने वाली टिप्पणियां | 9-16 |
| 4 | सुविचार | 17-18 |
| 5 | ऊर्जा बचत संबंधी स्लोगन | 19 |
| 6 | ऊर्जा संरक्षण शब्दावली | 20-21 |

## राजभाषा हिन्दी संबंधी संक्षिप्त जानकारी

भारत के संविधान के भाग–17 के अनुच्छेद–343 से 351 में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि केन्द्र सरकार की राजभाषा हिन्दी होगी और उसकी लिपि देवनागरी एवं अंक अंतर्राष्ट्रीय होंगे। हिन्दी के प्रचार–प्रसार और विकास के अनुसार सभी सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों का कर्तव्य है कि राजभाषा के संबंध में संविधान में दिए गए निर्देशों और भारत सरकार की राजभाषा नीति का पालन करें।

## राजभाषा अधिनियम–1963

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक व अन्य प्रतिवेदन, प्रेस विज्ञप्तियां, संसद के किसी सदन या दोनों सदनों के समक्ष रखे जाने वाले कागज़–पत्र, संविदा, करार, अनुज्ञप्तियां, अनुज्ञा–पत्र, निविदा सूचनाएं और निविदा प्रारूप द्विभाषी रूप में (हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में) जारी किए जाएंगे।

## राजभाषा नियम, 1976

केन्द्रीय सरकार के कार्यालय – केन्द्रीय सरकार के कार्यालय के अंतर्गत निम्नलिखित भी हैं; अर्थात् :–

i. केन्द्र सरकार का कोई मंत्रालय, विभाग या कार्यालय,
ii. केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किसी आयोग, समिति या किसी अधिकरण का कोई कार्यालय एवं
iii. केन्द्र सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन किसी निगम या कंपनी का कोई कार्यालय

## हिन्दी में प्राप्त प्रत्रादि के उत्तर

i. राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 के अनुसार हिन्दी में पत्र आदि के उत्तर हिन्दी में दिए जाएंगे।
ii. राजभाषा नियम, 1976 के नियम 7 के अनुसार यदि कोई आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिन्दी में किया गया है या उस पर हिन्दी में हस्ताक्षर किए गए हैं तो उसका उत्तर हिन्दी में दिया जाएगा।

## हिन्दी में प्रवीणता

### यदि किसी कर्मचारी ने

(क) मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिन्दी माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है, या

(ख) स्नातक परीक्षा में या स्नातक परीक्षा के समतुल्य या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था, या

(ग) यदि वह निर्धारित प्रारुप में घोषणा करता है कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है।

## हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान

### यदि किसी कर्मचारी ने

(क) मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है, या

(ख) केन्द्र सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या

(घ) यदि वह निर्धारित प्रारूप में घोषणा करता है कि उसने ऐसा ज्ञान प्राप्त कर लिया है तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

## अनुपालन का दायित्व

केन्द्र सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चित करें कि अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों और नियम 12 के उपनियम (2) के अधीन जारी किए गए निदेशों का समुचित रूप से अनुपालन हो रहा है।

## उपनियम–2

केन्द्र सरकार अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के सम्यक अनुपालन के लिए अपने कर्मचारियों और कार्यालयों को समय–समय पर आवश्यक निदेश जारी कर सकती है।

## राजभाषा हिन्दी की दृष्टि से संपूर्ण देश का 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्र में विभाजन

'क' क्षेत्र में बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं।

'ख' क्षेत्र में गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य और चंडीगढ़, दमन एवं दीव तथा दादर व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं।

'ग' क्षेत्र में उपर्युक्त 'क' और 'ख' क्षेत्र में शामिल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को छोड़कर अन्य राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं।

## ब्यूरो के संबंध में वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित हिन्दी में पत्राचार का लक्ष्य

| | |
|---|---|
| हिन्द में मूल पत्राचार | 'क' क्षेत्र से 'क' क्षेत्र को – 100%<br>'क' क्षेत्र से 'ख' क्षेत्र को – 100% |
| | 'क' क्षेत्र से 'ग' क्षेत्र को – 65%<br>'क' क्षेत्र से 'क' व 'ख' क्षेत्र के<br>राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय / व्यक्ति – 100% |
| हिन्दी में टिप्पण | 75% |

## तिमाही प्रगति रिपोर्ट

ब्यूरो के सभी अनुभागों से यह अपेक्षा है कि वे अपने अनुभागों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में तिमाही समाप्त होने वाले माह के अगले माह की 5 तारीख तक (उदाहरण के तौर पर जनवरी से मार्च माह की तिमाही प्रगति रिपोर्ट 5 अप्रैल तक) हिन्दी अनुभाग में भिजवा दें ताकि ब्यूरो की समेकित तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को समय पर ऑनलाइन भिजवाई जा सके।

कंप्यूटरों पर केवल यूनिकोड समर्थित मंगल फांट में ही कार्य किया जाए।

# प्रशासनिक शब्दावली

| | |
|---|---|
| Additional charge | अतिरिक्त प्रभार |
| Account | लेखा |
| Advisory Committee | सलाहकार समिति |
| Account head | लेखा शीर्ष |
| Accordingly | तदनुसार |
| Academic | अकादमिक, शैक्षणिक |
| Accommodation | आवास |
| Basic pay | मूल वेतन |
| Branch office | शाखा कार्यालय |
| Board of Directors | निदेशक मंडल |
| Budget estimate | बजट अनुमान |
| Business centre | व्यवसाय केन्द्र |
| Backward Class | पिछड़ा वर्ग |
| Balance Sheet | तुलनपत्र |
| Base year | आधार वर्ष |
| Casual leave | आकस्मिक छुट्टी |
| Celebration | समारोह |
| Central civil service rules | केन्द्रीय सिविल सेवा नियमावली |
| Circumstance | परिस्थिति |
| Caretaker | अभीक्षक |
| Carry forward | आगे ले जाना |
| Daily allowance | दैनिक भत्ता |
| Dealing Assistant | संबंधित सहायक |

| | |
|---|---|
| Draft reply | उत्तर का मसौदा |
| Daily note | दैनिक टिप्पणी |
| Draft | मसौदा |
| Designated Consumer | अभिहित उपभोक्ता |
| de novo | नए सिरे से |
| Earliest possible | यथाशीघ्र |
| Enclosure | अनुलग्नक |
| Eco-friendly | पर्यावरण–अनुकूल |
| Financial assistance | वित्तीय सहायता |
| Finalise | अंतिम रूप देना |
| Fund | निधि |
| Follow up action | अनुवर्ती कार्रवाई |
| Further action | अगली कार्रवाई |
| Fundamental Rules | मूल नियमावली |
| Financial gain | वित्तीय लाभ |
| Guidance | मार्गदर्शन |
| Genral Budget | सामान्य बजट |
| Gift tax | उपहार कर |
| General Administration | सामान्य प्रशासन |
| Gazetted holiday | राजपत्रित अवकाश |
| Government publication | सरकारी प्रकाशन |
| Headquarter | मुख्यालय |
| Highlights | मुख्य विशेषताएं |
| Half yearly | अर्धवार्षिक |

| | |
|---|---|
| Honorarium | मानदेय |
| Heavy Industry | भारी उद्योग |
| High power committee | उच्चाधिकार समिति |
| House Building advance | गृह निर्माण अग्रिम |
| Incentive scheme | प्रोत्साहन योजना |
| Income tax return | आय कर विवरणी |
| Inauguration | उद्घाटन |
| Increment | वेतन वृद्धि |
| Inter alia | अन्य बातों के साथ–साथ |
| Immovable property | अचल संपत्ति |
| Immediate action | तत्काल कार्रवाई |
| Indent | मांगपत्र |
| Joining date | कार्यग्रहण तारीख |
| Journalist | पत्रकार |
| Job analysis | कार्य विश्लेषण |
| Joining report | कार्यग्रहण रिपोर्ट |
| Letter of invitation | आमंत्रण पत्र |
| Life Insurance | जीवन बीमा |
| Memorandum | ज्ञापन |
| Messenger | संदेशवाहक |
| Minority | अल्पसंख्यक |
| Management services | प्रबंधन सेवाएं |
| Manufacturer | विनिर्माता |
| Medical Certificate | चिकित्सा प्रमाण–पत्र |
| Name plate | नाम पट्ट |

| | |
|---|---|
| Non-gazetted | अराजपत्रित |
| Notification | अधिसूचना |
| Noting and drafting | टिप्पण एवं प्रारूपण |
| Offer of appointment | नियुक्ति प्रस्ताव |
| Office hours | कार्यालय–समय |
| Office Campus | कार्यालय परिसर |
| Office Order | कार्यालय आदेश |
| On deputation | प्रतिनियुक्ति पर |
| Parliament Session | संसद सत्र |
| Parent Office | मूल कार्यालय |
| part-time | अंशकालिक |
| Pay and allowances | वेतन और भत्ते |
| Pay-Scale | वेतनमान |
| Presentation | प्रस्तुतीकरण |
| Quarterly report | तिमाही रिपोर्ट |
| Questionnaire | प्रश्नावली |
| Regular | नियमित |
| Rate List | दर सूची |
| Recovery | वसूली |
| Refrence book | संदर्भ पुस्तक |
| Re-employment | पुनर्नियोजन |
| Regulations | विनियम |
| Satisfactory | संतोषजनक |
| Sanctioned Budget | संस्वीकृत बजट |
| Service book | सेवा पुस्तिका |
| Specified area | विनिर्दिष्ट क्षेत्र |

| | |
|---|---|
| Standing Committee | स्थायी समिति |
| Statutory Body | सांविधिक निकाय |
| Selection Committee | चयन समिति |
| Taxable income | करयोग्य आय |
| Tender | निविदा |
| Understanding | समझौता |
| Undersigned | अधोहस्ताक्षरी |
| Unavoidable | अपरिहार्य |
| Under Consideration | विचाराधीन |
| Vacancy | रिक्त पद |
| Verification | सत्यापन |
| Welfare Section | कल्याण अनुभाग |
| Zonal Office | आंचलिक कार्यालय |

## फाइलों में अधिकांशतः प्रयोग की जाने वाली टिप्पणियां

| | |
|---|---|
| Approved | अनुमोदित |
| As proposed | यथा प्रस्तावित |
| Await for the report | अगली रिपोर्ट की प्रतीक्षा करें |
| As amended | यथा संशोधित |
| As discussed | चर्चा के अनुसार |
| Administrative approval may be obtained | प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए |
| Action may be taken as proposed | यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए |
| As slightly amended | आंशिक रूप में यथा संशोधित |
| Above mentioned | उपर्युक्त |
| Above resolution be published in the gazette of India | उपर्युक्त संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए। |
| A brief Summery of the case is placed below | मामले का सारांश नीचे रखा है |
| Acceptable proposal | स्वीकार्य प्रस्तााव |
| Acceptance in principle | सिद्धांत रूप से स्वीकृत |
| Acceptance is awaited | स्वीकृति की प्रतिक्षा है |
| Accepted for payment | भुगतान के लिए स्वीकृत |
| Accordingly | तदनुसार |
| According to the rules in vogue | प्रचलित नियमों के अनुसार |
| According to bijak cost works out to ... at the market rate | बीजक के अनुसार बाजार दर के हिसाब से लागत ........ बैठती है |
| According to convenience | सुविधानुसार |
| Acknowledgement has already been sent | पावती पहले ही भेजी जा चुकी है |

| | |
|---|---|
| Acknowledgement is awaited | पावती की प्रतीक्षा है |
| Acknowledge receipt of the letter | पत्र की पावती भेजें |
| Action as at 'A' above | ऊपर 'क' के अनुसार कार्रवाई की जाए |
| Action at once please | कृपया तुरंत कार्रवाई करें |
| Action has already been taken in the matter | इस मामले में कार्रवाई पहले की जा चुकी है |
| Action is required to be taken early | शीघ्र कार्रवाई अपेक्षित है |
| Action may be taken accordingly | तदनुसार कार्रवाई की जाए |
| Action may be taken as proposed | यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए |
| Administrative approval may be obtained | प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए |
| Advance for purchase of Stationery may be sanctioned | लेखन सामग्री की खरीद के लिए अग्रिम मंजूर किया जाए |
| Advance of 'TA' may please be arranged | कृपया यात्रा भत्ते के अग्रिम का प्रबंध करें |
| After taking to the consideration all aspects of the issue | मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद |
| Agenda is sent herewith | कार्यसूची साथ भेजी जा रही है |
| Agreed to | सहमति दी जाती है |
| A list is placed below | सूची नीचे रख दी है |
| A list of Cases disposed of is placed below | निपटाए गए मामलों की सूची नीचे रखी है |
| All concerned should note | सभी संबंधित नोट करें |
| A matter of extreme urgency | अत्यंत आवश्यक मामला |
| Appear for interview | साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों |
| Application has not been made in proper form | आवेदन उचित रूप में नहीं किया गया है |

| | |
|---|---|
| Approval may be accorded | अनुमोदन प्रदान कर दिया जाए |
| Approved as per remarks in the margine | हाशिए की अभ्युक्ति के अनुसार अनुमोदित |
| Approved as proposed | यथाप्रस्ताव अनुमोदित |
| Approved draft typed and put up for signature please | अनुमोदित प्रारूप टाइप करके हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत |
| As far as possible | यथासंभव |
| As notified | यथा अधिसूचित |
| As per details below | नीचे लिखे ब्यौरे के अनुसार |
| Budget provision exists for the this expenditure | इस व्यय/खर्च के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। |
| Bill for signature please | बिल हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत |
| Brief note is placed below | संक्षित नोट नीचे रखा है |
| By registered post | पंजीकृत डाक द्वारा |
| Concurred in | सहमति प्रस्तुत की जाती है |
| Checked and found correct | जांच की और सही पाया |
| Competent authority's sanction is necessary | सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी आवश्यक है |
| Concurrence of the finance branch is necessary | वित्त शाखा की सहमति आवश्यक है |
| Copy enclosed for ready reference | तत्काल संदर्भ के लिए प्रतिलिपि संलग्न |
| Copy forwarded for information/ necessary action | सूचना/आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिलिपित अग्रेषित |
| Creation of post | पदों का सृजन |
| C.C.S. (Conduct) Rules | केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम। |

| | |
|---|---|
| DG/Secretary. may kindly see for approval | महानिदेशक/सचिव महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत |
| Decision is awaited | निर्णय की प्रतीक्षा है |
| Delegation of financial power | वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन |
| Departmental action is in progress | विभागीय कार्रवाई की जा रही है |
| Deputation of officers on short term contract | अल्पकालिक संविदा पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति |
| Do the needful | आवश्यक कार्रवाई करें |
| Draft as amended may be issued | यथासंशोधित मसौदा/प्रारूप जारी किया जाए |
| Draft for approval | अनुमोदनार्थ प्रारूप |
| Draft is concurred in. | प्रारूप से सहमति है |
| Discrepancy may be reconcile Delegation of powers | विसंगत का समाधान कर लिया जाए। शक्तियों का प्रत्यायोजन |
| Draft of the minutes of meeting held on ................., is submitted for approval | दिनांक ........... को हुई बैठक के कार्यवृत्त का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है |
| Department of .............. may consider the desirability of issuing orders on the subject | -------- विभाग इस मामले में सामान्य आदेश निकालने की आवश्यकता पर विचार करे |
| Expedite action | शीघ्र कार्रवाई करें |
| Explanation may be called to | स्पष्टीकरण मांगा जाए |
| Early action in the matter is requested | अनुरोध है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करें |
| Early orders are solicited | शीघ्र आदेश देने की कृपा करें |
| Examine the proposal in the light of observation at A above | ऊपर 'क' में की गई टिप्पंणी को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव की जांच करें |

| | |
|---|---|
| Explanation may be called | स्पष्टीकरण मांगा जाए |
| Ex-post facto sanction | कार्योत्तर मंजूरी |
| Following employees are conformed in their existing posts with effect from..... | निम्नलिखित कर्मचारी अपने वर्तमान पद पर दिनांक ....... से स्थायी किए जाते हैं |
| Following transfers and postings will take effect immediately | निम्नलिखित स्थानांतरण और तैनातियां तत्काल प्रभावी होंगे |
| For ready reference | तत्काल संदर्भ के लिए |
| For signature | हस्ताक्षरार्थ |
| For such action as may be necessary | यथा आवश्यक कार्रवाई के लिए |
| From prepage | पूर्व पृष्ठ से |
| Give top priority to this work | इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। |
| Has represented that his pay may be fixed in accordance with new rules | ....... ने अभ्यावेदन दिया है कि उनका वेतन नए नियमों के अनुसार नियत किया जाए |
| I agree with 'A' above | मैं ऊपर 'क' से सहमत हूं |
| Issue today | आज ही भेजिए/जारी करें |
| Issue reminder urgently | तुरंत अनुस्मारक भेजिए |
| Issue press communique/note | प्रेस विज्ञप्ति/प्रेस टिप्पणी जारी करें |
| In view of the circumstances stated above, we may agree to the proposal | ऊपर बताई गई परिस्थितियों में हम सुझाव मान लें |
| I am directed to state that | मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि |
| If approved, a letter will be sent on the above line | यदि अनुमोदन करें तो उपर्युक्त सुझाव के अनुसार पत्र भेजा जाए |

| | |
|---|---|
| Information has already been sent under this office letter number...... | इस कार्यालय के पत्र सं. .......... के द्वारा सूचना पहले ही भेजी जा चुकी है |
| In public interest | लोकहित में |
| In spite of repeated reminders, the information has not been received so far | बार–बार अनुस्मारक भेजने के बावजूद अभी तक सूचना नहीं मिली है |
| Issue today | आज ही जारी करें |
| Justification has been accepted | औचित्य स्वीकार कर लिया गया है |
| Keep with the file | फाइल के साथ रखें |
| Kindly expedite disposal | कृपया शीघ्र निपटान करें |
| Keep in abeyance | इसे स्थगित रखा जाए |
| Lowest Quotations may be accepted | न्यूनतम दरें स्वीकार की जाएं |
| Matter has been examined | मामले की जांच कर ली गई है |
| Matter is under consideration | मामला विचाराधीन है |
| Memorandum of understanding | समझौता ज्ञापन |
| Mentioned above | उपर्युक्त |
| Necessary report is still awaited | अपेक्षित रिपोर्ट की अभी भी प्रतीक्षा की जा रही है |
| Needs no comment | टिप्पणी की आवश्यकता नहीं |
| No profit no loss | न लाभ – न हानि / लाभ हानि रहित |
| Notes and orders at page... may please be seen in this connection | इस संबंध में पृष्ठ ....... पर दिए गए . आदेशों और टिप्पणियों को कृपया देख लिया जाए |
| Office copy and fair copy for signature | कार्यालय प्रति और स्वच्छ प्रति हस्ताक्षरार्थ |

| | |
|---|---|
| On merits | गुणावगुण के आधार पर |
| On Probation | परिवीक्षाधीन |
| Orders may be issued | आदेश जारी कर दिए जाएं |
| Out and out | पूर्ण रूप से |
| Please see remarks in the margin | कृपया हाशिए में दी गई टिप्पणी देखें। |
| Please speak/discuss | कृपया चर्चा करें |
| Please put up a self contained note | कृपया एक स्वतः पूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करें |
| Please put up with relevant files/papers/documents | कृपया सुसंगत फाइल/पेपर/दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें |
| Please re examine with reference to latest instructions | कृपया नवीनतम अनुदेशों के अनुसार मामले की पुनः/दुबारा जांच करें |
| Please call for information | कृपया सूचना मंगाएं |
| please process his/her gratuity case | कृपया इनके ग्रेचुटी से संबंधित मामले पर उचित कार्रवाई करें। |
| Please inform ....... accordingly | कृपया ....... को तदनुसार सूचित करें। |
| Passed for payment | भुगतान के लिए पास किया जाता है। |
| Permitted | अनुमति दी जाती है |
| Please put up draft reply | कृपया उत्तर का मसौदा प्रस्तुत करें |
| Please put up agenda/minutes of the meeting | कृपया बैठक की कार्यसूची/कार्यवृत्त प्रस्तुत करें |
| Permanent/Quasi permanent/temporary | स्थायी/स्थायीवत्/अस्थायी |
| Question does not arise | प्रश्न नहीं उठता |
| Retrospective/Prospective effect | पिछली तारीख से/अगली तारीख से प्रभावी |

| | |
|---|---|
| Reasons for delay be explained | देरी/विलम्ब होने के कारण बताएं जाएं |
| Relevant papers be put up | संबंधित कागज–पत्र प्रस्तुत किए जाएं |
| Reminder may be sent | अनुस्मारक भेजा जाए |
| Sanctioned | मंजूर/स्वीकृत |
| Submitted for order | आदेशार्थ प्रस्तुत |
| Seen thanks | देख लिया, धन्यवाद |
| The matter is under consideration with....... | यह मामला ..... के विचाराधीन है |
| Tenders have been invited | निविदाएं आमंत्रित की गई हैं |
| The file in question is placed below | अपेक्षित फाइल नीचे रखी है |
| Until further order(s) | अगले आदेश होने तक |
| Under Consideration | विचाराधीन |
| We are not concerned with this | इसका हमसे संबंध नहीं है |
| You may take necessary action | आप तदनुसार आवश्यक कार्रवाई करें |
| Your reply should reach this office by the latest | आपका उत्तर इस कार्यालय में अधिक से अधिक .................... तारीख तक पहुंच जाना चाहिए |

# सुविचार

| | |
|---|---|
| 1. | कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। |
| 2. | आपके आज के विचार, आपके आने वाले कल को तय करते हैं। |
| 3. | दूसरों की अच्छाइयां देखने से अपने सदगुणों का विकास होता है। |
| 4. | भगवान उनकी मदद करते हैं, जो अपनी मदद खुद करते हैं। |
| 5. | बुराई से असहयोग करना मानव का परम कर्तव्य है। |
| 6. | उपलब्धि ही ऐसी चीज है, जो आपके अन्दर सबसे अधिक आत्मसम्मान की भावना और आत्मविश्वास पैदा करती है। |
| 7. | मनुष्य अपने गुणों से आगे बढ़ता है, न कि दूसरों की कृपा से। |
| 8. | मेहनत, हिम्मत और लगन से कल्पना साकार होती है। |
| 9. | आपके विचार आपके जीवन का निर्माण करते हैं। |
| 10. | कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। |
| 11. | भाग्य भी साहसी लोगों का साथ देता है। |
| 12. | प्रसन्नता पहले से निर्मित कोई चीज नहीं है। ये आप ही के कर्मों से आती है। |
| 13. | सभी गुणों की देन, अच्छा स्वभाव है। |
| 14. | यदि आपने ठान लिया कि मैं यह काम कर सकता हूं तो आप यह कर सकते हो और यदि आपने सोच लिया है कि यह मुझसे नहीं होगा तो आपसे यह कभी नही होगा। |
| 15. | धैर्य से बड़ी से बड़ी चीज पर काबू पाया जा सकता है। |
| 16. | अभ्यास करने से हमें आगे बढ़ने में सहायता मिलती है। |
| 17. | अपनी लगन, मेहनत और हिम्मत से मनुष्य मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकल सकता है। |
| 18. | कार्य ही सफलता की कुंजी है। |
| 19. | उत्साह के बिना कोई भी बड़ी उपलब्धि प्राप्त नहीं की जा सकती। |

| | |
|---|---|
| 20. | अपने लक्ष्य के लिए तब तक तत्पर रहो, जब तक वो लक्ष्य तुम्हें प्राप्त न हो जाए। |
| 21. | ज्ञानवान मित्र ही जीवन का सबसे बड़ा वरदान है। |
| 22. | जिन्हें दूसरों से ज्यादा खुद पर भरोसा होता है, वे लोग जिन्दगी में अक्सर जीत जाते हैं। |
| 23. | अनुभव से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। |
| 24. | जो झुक सकता है वह सारी दुनिया को झुका सकता है। |
| 25. | जिसने वाणी का महत्व समझ लिया वह सर्वत्र सफल होगा। |
| 26. | ज्ञान शक्ति है। |
| 27. | कलह पर विजय पाने के लिए मौन से बड़ा कोई अस्त्र नहीं है। |
| 28. | यदि तुम चाहते हो कि दूसरे तुम्हारी प्रशंसा करें, तो पहले तुम दूसरों की प्रशंसा करना सीखों। |
| 29. | जो व्यक्ति शक्ति न होते हुए भी मन से हार नहीं मानता, उसको दुनिया की कोई भी ताकत हरा नहीं सकती है। |
| 30. | भाग्य भी साहसी लोगों का साथ देता है। |
| 31. | कर्म न करने से, कर्म करना श्रेष्ठ है। |
| 32. | जो श्रम से लजाता है, वह सदैव परतंत्र रहता है। |
| 33. | हमारी सबसे बड़ी कमजोरी हार मान लेना है। सफल होने का सबसे निश्चित तरीका यह है कि हमेशा एक और बार प्रयास करना। |
| 34. | अज्ञानी होना उतनी शर्म की बात नहीं है जितना कि सीखने की इच्छा न रखना। |
| 35. | यदि आप सच बोलते हैं तो आपको कुछ याद रखने की जरूरत नहीं रहती। |
| 36. | जीतने वाले अलग चीजें नहीं करते, वो चीजों को अलग तरह से करते हैं। |
| 37. | ''धर्म'' से ''कर्म'' इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ''धर्म'' करके भगवान से मांगना पड़ता है, जब कि ''कर्म'' करने से भगवान को खुद ही देना पड़ता है। |

# ऊर्जा बचत संबंधी स्लोगन

| | |
|---|---|
| 1. | घर हो या दफ्तर, ऊर्जा बचत है बेहतर। |
| 2. | ऊर्जा बचत के सितारे दोस्त हमारे। |
| 3. | सभ्य बनें, बत्ती बंद करें। |
| 4. | अगर बाहर हो रोशनी, चाहिए बंद बत्ती रखनी। |
| 5. | बिजली का दुरुपयोग माफी के लायक नहीं। |
| 6. | ऊर्जा बचत कार्य की लालसा जगाएं। |
| 7. | कुक्कडूं कूं सूरज निकला, लाइट जलाएं क्यूं। |
| 9. | बटन दबाओ, बिजली बचाओं। |
| 10. | बिजली बचाओ, देश बनाओ। |
| 11. | स्वयं और राष्ट्र के हित के लिए ऊर्जा बचाएं। |
| 12. | ऊर्जा संरक्षण, मार्ग सतत् भविष्य का। |
| 13. | बीईई स्टार रेटिंग के साथ आप भी स्टार बनें। |
| 14. | बिजली की कम खपत, बिजली में पैसे की बचत। |
| 15. | सौर ऊर्जा का उत्पादन, पर्यावरण की सुरक्षा का आह्वान। |
| 16. | एलईडी बल्ब एक सही सोच। |

# ऊर्जा संरक्षण शब्दावली

| | |
|---|---|
| Energy Efficiency | ऊर्जा दक्षता |
| Energy Conservation | ऊर्जा संरक्षण |
| Energy Intensity | ऊर्जा की तीव्रता |
| Agriculture Demand Side Management | कृषि मांग पक्ष प्रबंधन |
| Bureau of Energy Efficiency | ऊर्जा दक्षता ब्यूरो |
| Baseline | आधारभूत |
| Bachat Lamp Yojana | बचत लैंप योजना |
| Capacity Building of DISCOMs | डिस्कॉम का क्षमता निर्माण |
| Certified Energy Manager | प्रमाणित ऊर्जा प्रबंधक |
| Compact Fluoroscent Lamp | कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप |
| Designated Consumer | अभिहित उपभोक्ता |
| Energy Conservation Building Code | ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता |
| Energy Efficiency Ratio | ऊर्जा दक्षता अनुपात |
| Energy Audit | ऊर्जा लेखा परीक्षा |
| Energy Management System | ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली |
| Energy Savings Certificate | ऊर्जा बचत प्रमाण–पत्र |
| Energy Efficiency Services Limited | एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड |
| Energy Efficiency Financing Platform | ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण मंच |

| | |
|---|---|
| Framework for Energy Efficient Economic Development. | ऊर्जा दक्ष आर्थिक विकास रूपरेखा |
| Light Emitting Diode | प्रकाश उत्सर्जक डायोड |
| Market Transformation for Energy Efficiency. | ऊर्जा दक्षता हेतु बाजार रूपांतरण |
| National Energy Conservation Award | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार |
| National Clean Energy Fund | राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि |
| National Mission for Enhanced Energy Efficiency | राष्ट्रीय संवर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन |
| Performance Achieve and Trade | निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार |
| Partial Risk Guarantee Fund | आंशिक जोखिम गारंटी फंड |
| Quasi Regulatory Role | अर्ध विनियामक भूमिका |
| Research and Development | अनुसंधान और विकास |
| Sustainable Development | सतत् विकास |
| Standard and Labeling | मानक और लेबलिंग |
| Specfic Energy Consumption | विशिष्ट ऊर्जा खपत |
| Super Energy Efficient Programme | सुपर ऊर्जा दक्ष कार्यक्रम |
| State Designated Agency | राज्य अभिहित एजेंसी |
| State Energy Conservation Fund | राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि |
| Star Rating | स्टार रेटिंग |
| Testing and Certification Procedure | परीक्षण और प्रमाणन प्रक्रिया |
| Venture Capital Fund. | उपक्रम पूंजी निधि |
| State Energy Conservation fund | राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि |

Note

Note

ENERGY IS LIFE

BEE

CONSERVE IT


**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**

(भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय)

चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम,

नई दिल्ली – 110066

दूरभाष : 26179699 (5 लाइनें) फैक्स : 91 (11) 26178352

वेबसाइट : www.beeindia.in